

खबर संक्षेप



## राजधानी बस पलटी महिला की मौत

**कांसाबेल।** फरसाबहार से अंबिकापुर जा रही राजधानी बस क्रमांक सीजी 15 एफ 5028 कांसाबेल फरसाबहार मार्ग पर टांगरगांव कृष्णानगर से आगे बरजोर मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कुसुमताल निवासी इग्नेशिया मिंज की मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका फरसाबहार से कांसाबेल आ रही थी। इस दुर्घटना में बस में सवार अन्य 4 यात्री घायल हो गए हैं। हादसे के समय बस में कुल 23 यात्री सवार थे। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर शव को पुलिस द्वारा पीएम करने के लिए भेजा गया और बस को पुलिस थाने में जमा किया गया।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 25 से जिले के प्रवास पर

**जशपुरनगर।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांति वर्मा, सचिव श्री संकल्प साहू एवं सहा.अनु.अधि. श्रीमती अनिता डेकाटे, 25 एवं 26 सितम्बर 2025 को जशपुर जिले के प्रवास पर रहेगें। छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यगण 26 सितम्बर को सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट कर चर्चा करेंगें। साथ ही दोहपर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शामिल होगें ।

### जिले के सभी मंडलों में हुआ सामाजिक सेवा का व्यापक आयोजन

# जशपुर में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी ने जशपुर जिले में 17 सितंबर बुधवार से "सेवा पखवाड़ा" की शुरुवात, जिले के सभी मंडलों में एक साथ आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा के संकल्प को नई गति दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और जनजागरण रैलियाँ जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय ने कहा, सेवा पखवाड़ा केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जरूरतमंदों की सहायता करेंगे और यही सच्ची राजनीति का संदेश है। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की परंपरा को मजबूत करते हुए हर घर तक स्वच्छता और जनकल्याण का संदेश पहुंचाएंगे। जनता का सहयोग इस अभियान को सफल बनाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा, भाजपा का मूल मंत्र 'सेवा ही संगठन' है। यह पखवाड़ा कार्यकर्ताओं को समाज की जमीनी जरूरतों से जोड़ने और सेवा की भावना को और मजबूत करने का अवसर देता है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा, सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम समाज के कमजोर और वंचित वर्ग तक मदद पहुंचाएंगे। यह अभियान हमें जनसेवा की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष भरत सिंह आह्वान किया, सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक मंडल में कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से सेवा कार्य करें और आम नागरिकों को भी इस मुहिम से जोड़ें, ताकि स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग का संदेश हर घर तक पहुंचे। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में मुख्य रूप से जिला महामंत्री द्वय मुकेश शर्मा एवं मनीष अग्रवाल, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जनपद अध्यक्ष गंगा भगत, जिला मंत्री संतोष सिंह, राजकपूर भगत, श्रीनायक मिश्रा, शरद चौरसिया, मुकेश सोनी, राजकुमार गुप्ता, हरीश आरिक, नेहरू सिंह, देवलाल भगत, अंकित बंसल, अवधेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, अमन शर्मा, दीपक गुप्ता, राजा सोनी, राहुल गुप्ता, सज्जु खान, सतीश गोस्वामी, हरजीत सिंह भाटिया, आशु राय, पंकज जायसवाल, राजकिशोर जायसवाल, संजय लोहिया, नागेंद्र भगत, नीतू गुप्ता, सवीत्रि निकुंज,बॉबी ताम्रकर, काजल राय, नसरुल्ला सिद्दीकी सहित जिले के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### क्या है आगे की योजनाएं

सेवा पखवाड़ा के दौरान आगामी दिनों में पूरे जिले में रक्तदान शिविर, दिव्यांग सहायता, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, पौधरोपण और स्वास्थ्य जांच शिविर** जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस पहल से न केवल सेवा की भावना को नया आयाम मिलेगा बल्कि भाजपा का "सेवा ही संगठन"का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिली राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने रायपुर में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंची थी। इस दौरान श्रीमती जूदेव ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान जूदेव ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि जशपुर जिले में विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर निवास करती है। केंद्र और राज्य सरकार इन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए प्राथमिकता से प्रयास कर रही है। जिले के पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्र में जनमन योजना के अंर्तगत बुनियादी ढांचा विकसीत किया जा रहा है। जरूरत है इस जनजाति के बच्चों को कुपोषण से बचाते हुए इनके मानसिक और शैक्षणिक विकास की। इसके लिए एक माडल आंगनबाड़ी केंद्र की रूपरेखा तैयार की गई है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में आकर्षक रंग-रोगन के साथ बच्चों को बैठने के लिए छोटे आकार वाली डेस्क-बेंच के साथ एक टीवी उपलब्ध कराई जाएगी। इस टीवी में सप्ताह में एक या दो दिन बच्चे टीवी देख कर राईम्स,पेटिंग बनाना तो सीखेगें ही साथ ही मनोरंजन आधारित कार्यक्रम देख कर देश और दुनिया के बारे में भी जान सकेगें। श्रीमती जूदेव ने बताया कि एक माडल आंगनबाड़ी केंद्र विकसीत करने में लगभग एक लाख रूपये की लागत आएगी। जशपुर जिले में सौ आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसीत करने के लिए छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से चर्चा हुई है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णादेवी ने जूदेव के प्रस्ताव की प्रशंसा करते हुए, आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### कौशिल्या साय हुईं शामिल

## लोहार समाज का सामाजिक सम्मेलन

**कांसाबेल।** जिले के कांसाबेल में लोहार समाज द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं।सम्मेलन में पारंपरिक परंपराओं को जीवंत करने और समाज की एकजुटता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर विश्वकर्मा जी की दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने समाज के प्रति अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक एकता और संगठन ही समाज की प्रगति का आधार है। लोहार समाज की मेहनत, कौशल और कर्मठता से राष्ट्र का विकास संभव है। आज समाज के युवाओं और महिलाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना समय की मांग है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने अपने उद्बोधन में लोहार समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है।इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, गणेश जैन (मंडल अध्यक्ष), धर्मपाल अग्रवाल, विजय विश्वकर्मा (जिला अध्यक्ष, समाज), अनिल विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), खुलन साय (कोषाध्यक्ष), कलम साय विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष), गजानंद विश्वकर्म आदि उपस्थित थे।




## युवक फांसी पर लटका मिला, युवती पेड़ के नीचे मृत मिली

**जशपुरनगर।** जिले के कोल्हेनझरिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माटीपहाड़छर्रा में मंगलवार की रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। गांव के गोठान के पास एक पेड़ पर युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला, वहीं उसी पेड़ के नीचे युवती मृत अवस्था में पड़ी थी। घटना की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया और लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। मृतिका युवती संदीला पैंकरा 24 वर्ष के पिता ने 17 सितंबर की सुबह चौकी कोल्हेनझरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी 16 सितंबर की रात करीब आठ बजे खाना खाकर घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रातभर उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने गांव के गोठान के पास पेड़ के नीचे युवती का शव देखा, जबकि उसी पेड़ पर युवक का शव फांसी पर लटक रहा था।

### मृतकों की पहचान

पुलिस जांच में मृतक युवक की पहचान चूड़ा मणि पैंकरा 24 वर्ष निवासी ग्राम टांगर, थाना कांसाबेल, जिला जशपुर के रूप में हुई है। युवक के रिश्तेदार माटीपहाड़छर्रा गांव में रहते हैं, जिस कारण वह अक्सर यहां आता-जाता था। वहीं मृतिका युवती संदीला पैंकरा इसी गांव की रहने वाली थी।

### पुलिस की जांच हुई तेज

घटना की सूचना मिलते ही कोल्हेनझरिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। पंचनामा कार्यवाही के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है।




## खबर संक्षेप

### सोलर पम्प टेक्निशियन हेतु आवेदन कल तक

**अम्बिकापुर।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सह नोडल अधिकारी ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत कोर्स सोलर पम्प टेक्निशियन में प्रशिक्षण प्रारम्भ होने जा रहा है। उक्त पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राही 13 सितम्बर से 19 सितम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच लाईवलीहुड कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जिसमें पंजीकृत हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण उपरान्त सर्टिफिकेट प्रदान किया जावेगा। अन्य जानकारी के लिए लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

### यूपी से अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा था खपाने, गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** यूपी से अंग्रेजी शराब लाकर तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 20 लीटर शराब जब्त किया है। बताया जा रहा है कि 17 सितम्बर को चौकी के सामने वाहन चेकिंग के दौरान प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 4406 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान रघुनाथनगर के ग्राम गिरवानी निवासी 24 वर्षीय संदीप कुमार जायसवाल आ. स्व. राज नारायण के पास मौजूद बोले में एक कार्टून से 8 नग 8पीएम व्हिस्की की पाउच तथा दूसरे कार्टून में 24 नग हेवर्ड 5000 कैन बियर कुल 20.640 लीटर बियर शराब बरामद की गई जिसकी कीमत 8 हजार 640 रुपए रुपए है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब को यूपी के बभनी अंतर्गत अंग्रेजी शराब दुकान बकरिहवां से खरीदकर लाने और बनारस रोड स्थित होटल ढाबों में खापने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार जायसवाल को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सरपंच से मारपीट, सरपंच संघ ने किया थाने में शिकायत

**भैयाथान।** सरपंच को घर से बाहर निकाल कर मारपीट करने पर आज सरपंच संघ ने थाना प्रभारी से शिकायत की। साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत खाड़ापारा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माइंस के विषय में गत दिन ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव माँगे जाने को लेकर ग्रामीणों धरना-प्रदर्शन कर रहे थे।आंदोलन का नेतृत्व बसपा से निष्कासित नेता नरेंद्र साहू ने किया। धरना प्रदर्शन के पश्चात नरेन्द्र साहू ने धमकी भरा बयान दिया कि यदि कोई भी सरपंच ग्राम पंचायत का प्रस्ताव देगा तो गांव छोड़कर भागना पड़ेगा। जबकि धरना-प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपने संवैधानिक अधिकार और प्रस्ताव रखने की प्रक्रिया में शामिल हुए थे। लेकिन नेता का ऐसा धमकी भरा बयान न केवल भय पैदा करता है बल्कि स्थानीय लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है जो चिंता गंभीर चिंता का विषय है। सरपंच संघ ने ज्ञापन में बताया है कि जब धरना प्रदर्शन स्थल पर गहमागहमी की स्थिति निर्मित होने पर सरपंच रामधारी सिंह तबीयत खराब होने से घर आकर आराम कर रहे थे। इसी बीच उन्हें जबरन बाहर बुलाया गया।

## युवाओं ने किया 57 यूनिट ब्लड डोनेट

# रक्तदान कर भाजपा ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिवस भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सभी मंडलों में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला चिकित्सालय में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर की उपस्थिति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। शिविर प्रभारी अंशुल श्रीवास्तव ने बताया कि अंबिकापुर एवं सीतापुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मिलकर 57 यूनिट रक्तदान किया। युवा मोर्चा आगामी दिनों में 75 यूनिट रक्तदान करेगा। इससे पूर्व भाजपा महामाया मंडल ने सुबह गुरूनानक चौक पर वहीं समलाया मंडल ने जिला चिकित्सालय के सामने चौक पर केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस दौरान जीवन ज्योति अस्पताल, संकल्प अस्पताल, डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, डॉ.एमपी अग्रवाल क्लीनिक, श्री राम हॉस्पिटल, लाइफ लाईन हॉस्पिटल, लेजर हॉस्पिटल, माता राजरानी हॉस्पिटल, दयानिधि हॉस्पिटल, मां महामाया मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, आरोग्य निकेतन हॉस्पिटल, एसआरएस हॉस्पिटल, अथर्व हॉस्पिटल, निर्मला हॉस्पिटल, गायत्री हॉस्पिटल, शिशु मंगलम हॉस्पिटल, ओजस हॉस्पिटल, डीटीएच हॉस्पिटल, मासूम चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, डॉ.दुबे केयर क्लीनिक, परमार हॉस्पिटल, केडी हॉस्पिटल सहित अन्य निजी अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने निजी अस्पताल संचालकों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है तथा विश्व को नई दिशा दे रहा है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व संभागीय संगठन प्रभारी विधानचंद्र कर, राजनंदगांव जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, करता राम अग्रवाल, अंबिकेश केशरी, डीन अविनाश मेश्राम, डॉ.रमेश चंद्र आर्या, डॉ.जेके रेलवानी, विनोद हर्ष, डॉ.अविनाशी कुजूर, डॉ.सुमनसुधा तिर्की, डॉ.अरूणेश सिंह, डॉ.राकेश निगम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में किया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

लखनपुर। नगर पंचायत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने साक्षरता मिनी स्टेडियम में प्लास्टिक बिनकर एवं कचरे की सफाई कर के स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 8 स्थित सिंगरा तालाब गार्डन में पौधरोपण किया गया। दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को बुलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर केक काटा गया व प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरण किया गया इसके साथ ही निर्मित आवास के हितग्राहियों को चाभी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और गरीब कल्याण को समर्पित है। आज सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम सभी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प ले रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान



भारत जैसी योजनाओं ने समाज के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा सन्नी बसंल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, राहुल अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, पार्षद अमित बारी, निशांत गुप्ता, राजेश सोनवानी, भाजपा कार्यकर्ता यतेंद्र पांडेय, महेश्वर राजवाड़े, सुरेश साहू, शिवराज सिंह, प्रदीप गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का सहित नपं कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां व अन्य मौजूद थे।



# दो दिनों से ग्रामीण रोक रहे हाथियों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र राजपुर में पिछले पांच दिनों से भ्रमण कर रहे 30 हाथी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़कर रास्ता बाधित करने से हाथी उग्र हो गए हैं। वन अमले को ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पूरी रात कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

- लुण्ड्रा जंगल के रास्ते जशपुर की ओर बढ़ रहा हाथियों का दल

दो महीने पूर्व जशपुर से 25 हाथियों का दल वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा, राजपुर, प्रतापपुर के रास्ते तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पहुंचा था। अभ्यारण्य के प्राकृतिक वातावरण में आधा दर्जन नए मेहमानों के दल में शामिल होने के बाद हाथी अपने पारम्परिक मार्ग से वापस जशपुर की ओर लौट रहे हैं। वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से शोर मचाकर हाथियों का रास्ता रोक दिया था। छेड़छाड़ से आक्रोशित दल के दो दंतैलों ने एक महिला की कुचलकर जान ले ली थीं। हाथी पिछले पांच दिनों से राजपुर जंगल का भ्रमण कर रहे हैं। बीती रात हाथी धंधापुर एवं उधवा कटरा के बीच अपने पारंपरिक मार्ग से लुण्ड्रा जंगल की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ने लगे जिससे हाथी वापस लौट गए। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी जिधर से भी गुजर रहे हैं पूरे खेत की फसल को रौंद रहे हैं। फसल क्षति की मुआवजा राशि से नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। दूसरी तरफ वन अधिकारियों का कहना है कि रास्ता बाधित करने से हाथी आक्रोशित हो गए हैं जिससे घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। दो दिन में हाथियों ने चार घरों में तोड़फोड़ की है। बुधवार की रात 7.30 बजे जैसे ही जंगल से हाथी निकले मंदरीडांड के ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगे जिससे हाथी वापस धंधापुर लौट गए।

इस संबंध में उपमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद ग्रामीण पटाखा फोड़कर हाथियों का रास्ता रोक रहे हैं। जिससे आक्रोशित हाथी घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। विभाग का पूरा अमला गजराज वाहन के साथ स्थल पर मौजूद है तथा हाथियों की निगरानी कर रहा है।

# पुलिस ने शातिर अंतरराज्यीय चोर गिरोह के मुख्य आरोपी सहित खरीदार ज्वेलरी विक्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले की पुलिस टीम ने चोरी की दो वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह के मुख्य सरगना को शहडोल मध्य प्रदेश से धरदबोचा है। साथ ही चोरी की गई सोने-चांदी के जेवर खरीदार ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार कर चोरी के 3 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है।

- आरोपी एवं उसके साथियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के कई थानों में दर्ज है अपराध

पुलिस के मुताबिक शक्तिनगर जरही निवासी प्रशांत पाण्डेय ने थाना भटगांव में 9 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिन में घर को ताला बंद कर सभी सदस्य के साथ काम से बाहर गए थे। वापस आने पर देखा कि घर का दरवाजा का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े हुए थे। घर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज देखने पर अज्ञात तीन व्यक्तियों द्वारा घर के पीछे लगे सीसीटीव्ही कैमरा को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(3), 305, 324(4), 317(2)3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। भटगांव पुलिस टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। घटना स्थल से मिले सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस टीम द्वारा भटगांव से अनूपपुर जिला तक करीब 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंघाला। साथ ही टोल नाका कोतमा के पास आरोपियों का फोटो स्पष्ट मिलने पर आसपास के थानों से आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त कर आरोपी शहडोल कोतवाली अंतर्गत ग्राम चंदनिया निवासी शिवा सिंह नेताम आ. संतोष सिंह (28 वर्ष) के साथ अन्य दो व्यक्ति के शामिल होने की पुष्टि हुई। इसी बीच 16 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी शिवा सिंह नेताम शहडोल मुख्य मार्ग ग्राम कंचनपुर रेस्टोरेंट के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2018 से बाइक से नंबर प्लेट निकाल कर, हेलमेट पहनकर एवं नकाब पहन कर सूने घरों की रेकी की। उसके बाद पीछे के दरवाजा को सब्बल, कटर मशीन एवं अन्य सामानों से दरवाजा तोड़ कर नगदी एवं सोने चांदी के जेवरात चोरी करते हैं। 9 जुलाई को अपने जीजा व अन्य 1 व्यक्ति के साथ बाइक से जरही के एसईसीएल कमरा नंबर बी टाइप 1 में रेकी कर बंद घर होने से पीछे के सीसीटीवी कैमरा एवं दरवाजा को तोड़कर घुसकर नगदी 35 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवर चोरी कर वापस घर पहुंचकर जीजा व 1 अन्य व्यक्ति बराबर-बराबर हिस्सा बंटवारा किए। हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली के दीप ज्वेलर्स में बिक्री करना बताया। आरोपी ने बताया कि इससे पूर्व अक्टूबर 2024 में भी भटगांव एसईसीएल के मकान नंबर सी-17 में भी अपने 1 साथी निवासी अमलाई एवं भाई के साथ पीछे के दरवाजा को तोड़कर नगदी 50 हज़ार एवं सोने चांदी के जेवरात चोरी किए थे। हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली स्थित दीप ज्वेलर्स में एवं घर में छिपा कर रखे समानों को बरामद कराया है। मामले में दीप ज्वेलर्स संचालक आरोपी रामचरित्र सोनी को भी पकड़ा गया। अन्य 4 आरोपी फरार है। फरार आरोपियों को पता तलाश सरगर्मी से जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश सिंह, राधेश्याम साहू, श्याम सिंह, रोशन सिंह व युवराज यादव सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मोहल्ले के लोगों के घर नहीं आने से परेशान युवती ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम दवनसरा निवासी सरस्वती पैकरा आ. सव. शिव कुमार पैकरा (21 वर्ष) कॉलेज में पढ़ाई करती थी। इस बीच पड़ोसी वंशलाल से लंबे समय से जमीन विवाद चलने तथा वंश लाल द्वारा मोहल्ले के लोगों को युवती के घर नहीं जाने के लिए लोगों को भड़का दिया था। कुछ दिनों से मोहल्ले के लोगों सहित उसकी सहेलियों ने भी सरस्वती पैकरा के घर जाना बंद कर दिया। सहेली सहित मोहल्ले के लोगों के घर नहीं आने से युवती काफी परेशान हो गई और मंगलवार की शाम घर में रखे कीटनाशक को पी ली। गंभीर युवती को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सीएम ने वर्चुअल माध्यम से 265 नवनिर्मित आवास हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ननि में आवास दिवस के अवसर पर कम्पनी बाजार स्थित सरगुजा सदन में आवास मेला एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) यू. 2.0 के अंतर्गत 4 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे व्यापक जन-जागरूकता अभियान 'अंगीकार 2025' के अंतर्गत संपन्न हुआ।

- आवास मेला में 165 को स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा प्रदान किया

इस अवसर पर बीएलसी घटक के 265 हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कराया गया तथा 165 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एवं वितरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। शासन की मंशा है कि योजना का लाभ ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुंचे और आमजन के जीवन में स्थायी परिवर्तन आए। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है कि आज सबका पक्का मकान तैयार हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को विधायक प्रबोध मिंज ने स्वच्छता का शपथ दिलाई साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए स्वच्छताग्राही दीदीयों की इलेक्ट्रिक व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, निगम आयुक्त डीएन कश्यप, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी, निगम के अधिकारी-कर्मचारी, सीएलटीसी टीम एवं सर्वेयर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।


**AFFIDAVIT**

I Matiyo Khakha, aged about 59 years is legally Son, of No. 10545878W Rank NK Name Eliyas of Unit 155 IN BN TAJAK RIF presently residing At- Village Bansipur, Tehsil- Sitapur, Dist- Surguja (C.G.) Pin-497111 do hereby solemnly affirm and stae on oath as follows.

1. That the son of the deponetn namely Eliyas is serving in indian Army and at present at J&K. 2. That the actual name of the deponent Matiyo Khakha and her (D.O.B. 11.03.1966) which is recorded in the record of Aadhar Card, and other recorded concerned but in the Army service recorde of my Son, the name of the deponent is recorded as Matiyo Bai which is wrongly recorded in the said army record of my Son and as such the deponet wants to correct her name from Matiyo Bai to Matiyo Khakha in the Army service record of my son and the deponent's actual date of birth is 11.03.1966 but in her Son's service book her date of birth has been mentioned as 48 years. 3. That, I do hereby declare that Matiyo Khaka and Matiyo Bai both the names are one and same person and the deponent's date of birth is 11.03.1966 instead of 48 years. 4. That, I am swearing this affidavit to be produced before the concerned authority inorder to correction my name as Matiyo Khakha and date of Ibirth 11.03.1966 in my Son's service book for all purposes. 5That, the facts stated above are ture to the best of my knowledge and belief.

Identified by me.

**Deponent**

**AFFIDAVIT**

I Tali Khakha, aged about 62 years is legally Son, of No. 10545878W Rank NK Name Eliyas of Unit 155 IN BN TA JAK RIF presently residing At- Village Bansipur, Tehsil- Sitapur, Dist- Surguja (C.G) Pin-497111 do hereby solemnly affirm and stae on oath as follows.

1. That the son of the deponetn namely Eliyas is serving in indian Army and at present at J&K. 2. That the actual name of the deponent Tali Khakha and his (D.O.B. 13.05.1963) which is recorded in the record of Aadhar Card, and other recorded concerned but in the Army service recorde of my Son, the name of the deponent is recorded as Talee which is wrongly recorded in the said army record of my Son and as such the deponet wants to correct her name from Talee to Tali Khakha in the Army service record of my son and the deponent's actual date of birth is 13.05.1963 but in his Son's service book his date of birth has been mentioned as 50 years. 3. That, I do hereby declare that Tali Khaka and Talee both the names are one and same person and the deponent's date of birth is 13.05.1963 instead of 50 years. 4. That, I am swearing this affidavit to be produced before the concerned authority inorder to correction my name as Tali Khakha and date of birth 13.05.1963 in my Son's service book for all purposes. 5. That, the facts stated above are ture to the best of my knowledge and belief.

Identified by me.

**Deponent**

**AFFIDAVIT**

I Savita Bhagat, aged about 31years is legally wife of No. 10545878W Rank NK Name Eliyas of Unit 155 IN BN TAJAK RIF presently residing At- Village Bansipur, Tehsil- Sitapur, Dist- Surguja (C.G) Pin-497111 do hereby solemnly affirm and stae on oath as follows.

1. That the husband of the deponetn namely Eliyas is serving in indian Army and at present at J&K. 2. That the atual name of the deponent Savita Bhagat and her (D.O.B. 21.04.1994) which is recorded in the record of Aadhar Card, Pan Card, School Certificate and other recorded concerned but in the Army ser vice recorde of my husband, the name of the deponent is recorded as Sabita which is wrongly recorded in the said army record of my hus band and as such the deponet wants to correct her name from Sabita to Savita Bhagat in the Army service record of my husband and the deponent's actual date of birth is 21.04.1994 but in her husband's ser vice book her date of birth has been mentioned as 21.04.1991. 3. That, I do hereby declare that Savita Bhagat and Sabita both the names are one and same person and the deponent's date of birth is 21.04.1994 instead of 21.04.1991. 4. That, I am swearing this affidavit to be produced before the concerned authority inorder to correction my name as Savita Bhagat and date of birth 21.04.1994 in my husband's service book for all purposes. 5. That, the facts stated above are ture to the best of my knowledge and belief.

Identified by me.

**Deponent**


## मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, अखंड रामायण के साथ हुआ हवन पूजन

# जिले में धूमधाम से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को शहर सहित जिले भर में देवशिल्पी की पूजा धूमधाम से की गई। जगह जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ती स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई व भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शहर के मरीन ड्राइव तालाब के समीप स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

बता दें कि भगवान विश्वकर्मा पूजा को लेकर समाज के लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। शहर के मरीन ड्राइव स्थित विश्वकर्मा मंदिर में 16 सितम्बर की सुबह से अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई थी। बुधवार की सुबह 24 घंटे के बाद अखंड रामायण पाठ का समापन किया गया जिसके बाद श्री विश्वकर्मा चालीसा पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में विधि विधान से विश्वकर्मा हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई व भण्डारा वितरण किया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर में श्रधालुओं का तांता लगा हुआ था। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।



मंदिर में पूजा पाठ का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा है। वहीं शाम को समाज के लोगों इ 108 थाल से भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की। इसके साथ ही शहर व जिलेभर में जगह जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई और हवन पूजन किया गया जबकि आईटीआई कॉलेज में पूजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।



# उन्नी निभाएंगे पीएम मोदी की बायोपिक में अहम भूमिका

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी एक और बायोपिक का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में साउथ अभिनेता उन्नी मुकुंदन पीएम मोदी का किरदार निभाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी करते हुए टाइटल की घोषणा कर दी है। फिल्म का टाइटल 'मां वंदे' होगा। इस फिल्म का पहला पोस्ट आकर्षित करने वाला है, जिसमें पीएम मोदी का किरदार हस्ताक्षर करते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि, अभी पूरा लुक आना बाकी है। फिल्म में पीएम मोदी के बचपन से लेकर नेता बनने तक के सफर को दिखाया जाएगा, जिसमें उनकी मां हीराबेन मोदी के साथ उनके संबंधों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## लाइफ Style

# दिव्या

## फिलर्स और बोटॉक्स में नहीं करती विश्वास

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म इंडस्ट्री चकाचौंध से भरी दुनिया, जहां आपका चमकना भी जरूरी है। सिर्फ काम के लिए नहीं, बल्कि अपने लुक्स को लेकर भी। एक्टर्स के बीच बोटॉक्स, फिलर्स, फेसलिफ्ट और अन्य कॉस्मेटिक प्रोसेस तेजी से आम होता रहा है। इस पर अक्सर बहस भी होती है।

पहले की तुलना में अब स्टार्स जनता की नजरों में ज्यादा रहते हैं। छोटी से छोटी बात का भी बतंगड़ बनने में देर नहीं लगती है। उम्र से लेकर फिटनेस तक को लेकर ट्रोल किया जाता है। पर राजकुमार राव और खुशी कपूर जैसे कई स्टार्स हैं, जिन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि उन्होंने एस्थेटिक ट्रीटमेंट्स करवाए हैं। दिव्या खोसला ने सर्जरी करवाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'आजकल सभी के चेहरे लगभग एक जैसे दिखते हैं। मुंबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग एक खास तरह के दिखते हैं और दुबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग भी एक खास तरह के दिखते हैं। किसी का चेहरा देखकर ही आप बता सकते हो कि वो किस डॉक्टर के पास गया था। आपको पता चल जाता है कि वो शहर के किस हिस्से में किस क्लिनिक में किस डॉक्टर के पास गया था।' दिव्या को हमेशा नैचुरल रहना ही पसंद है और इसका क्रेडिट वो अपनी मां को देती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नैचुरल ब्युटी और जिस तरह से आपकी परवरिश हुई है, उससे बढ़कर कुछ नहीं है। मैं बाहरी फिलर्स और बोटॉक्स में विश्वास नहीं करती हूं। जैसे ही आप यंग होते हैं, बहुत सी लड़कियां सबसे पहले यही करना शुरू कर देती हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# दमदार अभिनय ने बनाया चहेता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साल 1960 के दशक में फिल्मों में कदम रखने वाले रॉबर्ट रेडफोर्ड ने जल्द ही खुद को हॉलीवुड के सबसे आकर्षक और प्रतिभाशाली अभिनेताओं में स्थापित कर लिया। उनके सुनहरे बाल, मासूम मुस्कान और दमदार अभिनय ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। बुच कैसिडी एंड द सनडांस किड और ऑल द प्रेसीडेंट्स मेन जैसी फिल्मों ने उन्हें एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। 1970 के दशक तक वे हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में शुमार हो गए।



# म्यूजिक बैंड एट द गेट्स से जुड़े थे टॉमस लिंडबर्ग

**लॉस एंजिल्स।** स्वीडिश डेथ मेटल बैंड 'एट द गेट्स' की शक्तिशाली आवाज टॉमस लिंडबर्ग का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। साल 2023 में लिंडबर्ग ने खुलासा किया कि उन्हें खास तरह के कैंसर के बारे में पता चला। यह कैंसर ग्रंथियों को प्रभावित करने वाला एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है। इस साल मार्च में एक निजी बयान में उन्होंने बताया कि उनके मुंह के एक हिस्से को हटाने के लिए एक बड़ी सर्जरी की गई। इसके बाद इलाज के नाम पर दो महीने तक रेडिएशन थेरेपी दी गई। उन्होंने स्वीकार किया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। 2025 की शुरुआत तक, डॉक्टरों को ऐसी कैंसर कोशिकाएं मिल गईं जिन तक सर्जरी या विकिरण से नहीं पहुंचा जा सकता था। उन्होंने उस समय लिखा था 'तो हम देखेंगे कि अगला कदम क्या होगा।



# कॉकटेल-2 के सेट से सामने आया लुक

**मुंबई।** साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। दीपिका पादुकोण का बिंदास 'वेरोनिका' का किरदार, डायना पेंटी मासूम मीरा के रोल में और सैफ अली खान गौतल के किरदार में नजर आए थे। अब एक दशक से ज्यादा समय बाद डायरेक्टर होमी अदजानिया उसी जादू को दोहराने लौट रहे हैं अपनी नई फिल्म कॉकटेल 2 के साथ। इस फिल्म के सेट से निर्देशक ने कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही सेट से और भी कई फोटोज और वीडियोज लीक हो रहे हैं। एक तस्वीर में कृति सेनन को ब्लैक आउटफिट में देखा गया, जहां उनका लुक काफी बोल्ड और कॉन्फिडेंट नजर आया। दूसरी ओर रश्मिका मंदाना जिम लुक में कैमरे में कैद हुईं। कृति और रश्मिका की तस्वीरों को शेयर करते हुए डायरेक्टर ने लिखा- 'शूट लाइफ।




# दोस्ती और संघर्ष की अनकही दास्तान

**मुंबई।** हाल ही में कई बड़े अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाई जा चुकी फिल्म 'होमबाउंड' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। धर्मा प्रोडक्शन्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर साझा करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने लिखा - 'हमारे दिल का टुकड़ा आपके दिल में घर बनाए, पेश है होमबाउंड का ऑफिशियल ट्रेलर। 26 सितंबर से सिनेमाघरों में।' ट्रेलर में ईशान खट्टर और विशाल जेठवा को बचपन के दोस्त के रूप में दिखाया गया है। दोनों का सपना है पुलिस अधिकारी बनना और इसके लिए वो मेहनत भी करते हैं। ईशान फिल्म में मोहम्मद शोएब का किरदार निभा रहे हैं, वहीं विशाल चंदन कुमार के रोल में हैं। इन दोनों दोस्तों के सपने और उनकी जद्दोजहद कहानी को आगे लेकर जाते हैं।

## टीवी मसाला



# ओटीटी पर राज कर रहे हैं रिएलिटी से लेकर कॉमेडी शोज

**नई दिल्ली।** ओटीटी का जिक्र आने पर जेहन में सबसे पहले आती हैं उनकी ऐजी, ओवर द टॉप वेब सीरीज, जिन्हें वीकेंड पर बिंज वॉच किया जा सके, लेकिन पिछले कुछ समय से मनोरंजन के इस नए माध्यम पर रिएलिटी शोज का दबदबा भी नजर आ रहा है। हाल के दिनों में अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नए-नए फॉर्मेट वाले कई रिएलिटी शोज आए हैं, जिन्हें पसंद भी किया जा रहा है। ओटीटी के इन विविधरंगी रिएलिटी शोज में दर्शकों के लिए ड्रामा, ऐक्शन, कॉमिडी सब मौजूद हैं। मसलन, जियो स्टार पर मिस्टर फैसू और शेफाली बग्गा की होस्टिंग वाले रोमांस बेस्ड रिएलिटी शो लवेंचर और एल्विश यादव के स्टंट और एडवेंचर वाले रिएलिटी शो अड्डा एक्स्ट्रा बैटल से लेकर मुनव्वर फारूकी का द सोसायटी और निश्चय मल्हान का द ट्रेजर हंटर्स जैसे शोज एक के बाद एक लॉन्च हुए हैं। इसके अलावा, चर्चित रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' भी टीवी से पहले इस ओटीटी प्लैटफॉर्म पर धूम मचा रहा है। इसी तरह, नेटफ्लिक्स ने 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलिवुड वाइव्स' और 'इंडियन मैच मेकिंग' जैसे हाई कॉन्टेंट वाले नॉन फिक्शन शोज से सुर्खियां बटोरी। इन दोनों ही शोज के तीन सीजन आ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म पर इस साल चर्चित रेसलिंग बेस्ड रिएलिटी शो डब्ल्यूडब्ल्यूईः इंटरनल का भी जलवा रहा। वहीं, टीवी के चहेते कपिल शर्मा भी अब यहीं कॉमेडी की बौछार कर रहे हैं। यहां 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीन सीजन आ चुके हैं। इसी तरह प्राइम वीडियो पर भी कॉमिडी सर्कस की याद दिलाते कॉमिकस्तान के तीन सीजन आ चुके हैं।

## बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं दयाबेन

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी का वो शो हैं, जो सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। साल 2008 से शुरू हुआ ये वो शो है, जिसका हर किरदार लीड रोल निभाता है। शो में टप्पू के पापा से लेकर डॉक्टर हाथी तक अपने मजेदार अंदाज से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। शो में दयाबेन का आइकॉनिक किरदार निभाने वालीं दिशा वकानी 2018 से पर्दे से दूर हैं। इस शो ने हाल ही में 4500 एपिसोड पूरे किए और आज भी टीआरपी चार्ट्स में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। हाल ही में, दिशा के ऑन-स्क्रीन और रियल भाई, मयूर वकानी यानी 'सुंदर' ने उनके शो में वापस न लौटने के कारण बताया। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि दिशा अब शो में वापसी नहीं करेंगी, क्योंकि वह इस समय अपने बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं। दिशा ने दयाबेन के किरदार में मेहनत और सच्चाई डाली, इसलिए उन्हें इतना प्यार मिला। आज वह असल जिंदगी में मां का किरदार निभा रही हैं और पूरी ईमानदारी से उस जिम्मेदारी को निभा रही हैं।'




# सीन जिसके बाद कांपने लगे थे अमिताभ के पांव शूटिंग से पहले सेट पर किया था यह काम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की साल 1975 में आई फिल्म 'दीवार' ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। सलीम-जावेद की लिखी कहानी और यश चोपड़ा का निर्देशन बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल कर गया कि इसके डायलॉग से लेकर सीन्स तक आज भी लोगों को याद हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने विजय वर्मा का किरदार निभाया था। फिल्म का वो सीन तो आपको याद ही होगा जिसमें विजय पीटर और उसके गैंग की जमकर धुलाई करने के बाद दरवाजे से बाहर आता है।*

### सीन में असली थी अमिताभ की थकान

अमिताभ बच्चन ने इस सीन में गजब की एक्टिंग की थी। वह जिस तरह लड़खड़ाते हुए बाहर आए और फिर नल के नीचे अपना सिर लगा दिया वो काफी रियल था। आमतौर पर फिल्मों में जहां लड़ने के बाद हीरो चट्टान की तरह खड़ा रहता है, वहीं इस सीन में फाइट करने के बाद हीरो की थकान बहुत रियल थी। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि यह थकान सिर्फ अमिताभ बच्चन की एक्टिंग नहीं थी, बल्कि वाकई यह सीन करने के लिए अमिताभ बच्चन ने खुद को इस हद तक थका लिया था कि उनके पांव कांपने लगे थे।



### सीन से पहले सेट पर किया था यह काम

अमिताभ बच्चन ने यह सीन रियल बनाने के लिए शूटिंग से पहले डॉक के चारों तरफ 10 बार तेजी से दौड़ लगाई ताकि सांसें उखड़ सकें और माथे पर पसीना और चेहरे पर थकान दिख सके। अमिताभ चाहते थे कि उनके हावभाव असली लगें। उन्हें एक्टिंग नहीं, बल्कि इस सीन में फीलिंग दिखानी थी। उन्होंने सीन से पहले खुद को इस हद तक थका लिया कि उनके पांव कांपने लगे थे और फिर जब वो दरवाजा खोलकर लड़खड़ाते हुए किसी योद्धा की तरह बाहर आए तो इस सीन पर खूब तालियां पड़ीं।

# इंग्लिश थी कमजोर, इसलिए ऐश्वर्या हार गई थीं मिस इंडिया कांटेस्ट

**मुंबई।** 1994 भारत के लिए खास था। इसी साल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया था और ऐश्वर्या राय बनीं थीं मिस वर्ल्ड। इस दौरान ऐसी भी खबरें थीं कि दोनों के बीच मिस इंडिया के कंटेस्टेंट के दौरान विवाद हुआ था। दरअसल, मिस इंडिया कांटेस्ट में शामिल होने से पहले ऐश्वर्या राय पहले ही बड़ी स्टार थीं। उन्होंने लैक्मे और पेप्सी जैसे ब्रांड के लिए विज्ञापन किए थे। ऐसे में सुष्मिता को लगता था कि मिस इंडिया कांटेस्ट करवाने वाले ऐश्वर्या को सपोर्ट कर रहे हैं। लेकिन, सुष्मिता ने ऐश्वर्या को हरा कर जीत हासिल की थी। अब फिल्ममेकर प्रह्लाद कक्कड़ ने ऐश्वर्या राय की हार की वजह उनकी कमजोर इंग्लिश को बताया है। प्रह्लाद कक्कड़ कहते हैं 'दोनों के बीच ऐसी कोई दुश्मनी नहीं थी। असलियत यह थी कि ऐश्वर्या ने अभी-अभी अपना कॅरियर शुरू किया था, वह अभी कच्ची थीं, जबकि सुष्मिता सेन कॉन्वेंट स्कूल से आने के कारण ज्यादा पॉलिश थीं। ऐश्वर्या राय के साथ ऐसा नहीं था। इसलिए जब अंग्रेजी में परफॉर्म करना होता है, तो जो लोग उस भाषा में अच्छे नहीं होते, उन्हें नुकसान होता है। यही वजह है कि सुष्मिता ने सवाल-जवाब के राउंड में बाजी मार ली। प्रह्लाद ने आगे कहा, 'मुझे याद है कि मैं चेंजिंग रूम में घुस गया था और सुष्मिता एक कोने में रो रही थी। मैंने उससे पूछा, क्या प्रॉब्लम है? उसने कहा, सब फिक्स है। मैं कभी नहीं जीतूंगी।' मैंने कहा क्या तुम बेवकूफ हो? जूरी को देखो। तुम्हें लगता है कि उन्हें कोई भी फिक्स कर देगा? बेवकूफ मत बनो।



## लेखनी का दिखाया कमाल, लिखे 2000 से अधिक गाने

# राज कपूर का मिला साथ और हसरत बन गए गीतकार

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी को लेखनी के जादूगर कहने में कोई शक नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने ऐसे गाने लिखे जो आज की पीढ़ी भी गुनगुनाती नजर आती है। बचपन में शेरों-शायरियों का शौक रखने के कारण हसरत को घर से निकाल दिया गया था। लेकिन, गीतकार 'बदन पे सितारे लपेटे हुए' मायानगरी पहुंचे और उन्हें मिली ऐसी पहचान कि हर निर्माता अपने फिल्मों में उनके गानें शामिल करना चाहता था। राज कपूर से लेकर यश चोपड़ा तक की कई फिल्मों में उन्होंने अपनी लेखनी का कमाल दिखाया और शानदार गाने दिए थे।*



### नाना 'फिदा' से सीखे लिखने के गुर

हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को जयपुर (राजस्थान) में हुआ था। उनके बचपन का नाम इकबाल हुसैन था। पढ़ाई के दिनों से ही उन्हें उर्दू शायरी और कविताओं से गहरा लगाव था। कम उम्र से गजलें और शायरी लिखना उनकी आदत बन गई थी। हसरत के नाना फिदा हुसैन कवि थे, उन्हीं को देख हसरत को लिखने और शायरियों को शौक हुआ।

### जब शेरों-शायरी का शौक देख मां ने घर से निकाला

हसरत जयपुरी के पिता फौज में थे उनका नाम नाजिम हुसैन था और उनकी मां फिरदौसी बेगम थी। गीतकार की मां को उनकी शेरों-शायरी बिल्कुल पसंद नहीं थी, लेकिन हसरत भी कहां मानने वाले थे। इसके बाद उनकी मां ने फैसला किया कि अगर उन्हें शायरी करनी है, तो घर से निकल जाएं। फिर क्या अपने सपनों की जद्दोजहद में हसरत बोरिया-बिस्तर लेकर मुंबई के मायानगरी में अपना नाम बनाने निकल पड़े।

### बस कंडक्टर की नौकरी की

मुंबई आने के बाद हसरत ने जीवन के असली संघर्ष किए। कुछ पैसे कमाने के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ा और कभी-कभी तो वो बिना खाए फुटपाथ पर सो जाते थे। इसके बाद हसरत ने बस कंडक्टर की नौकरी शुरू कर दी। साथ ही वह मुशायरों, कविता पाठ के सम्मेलन में भी सम्मिलित होने लगे और उसमें अपनी कला को दिखाते थे। इसी दौरान उनपर एक दिग्गज अभिनेता पृथ्वीराज कपूर की नजर पड़ी और उन्होंने हसरत जयपुरी के बारे में अपने बेटे राज कपूर को बताया।

### इन गानों से पहचाने जाते हैं हसरत जयपुरी

जिया बेकरार है - बरसात
जिंदगी एक सफर है- अंदाज
तेर ख्यालों में हम - गीत गाया पत्थरों ने
एहसान तेरा होगा मुझ पर- जंगली
तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे - पगला कहीं का
अजी रूठ कर अब कहां जाएगा - आरजू
दुनिया बनानेवाले- तीसरी कसम
सुन साहिबा सुन - राम तेरी गंगा मैली
ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर - संगम
सयोनारा सयोनारा - लव इन टोक्यो
बदन पे सितारे लपेटे हुए - प्रिंस
मोहब्बत में हमको ना इतना सताओ – प्रोफेसर

### बरसात से चमकी किस्मत

राजकपूर उन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे हुए थे। इस फिल्म के लिए गीत लिखने लिए उन्होंने हसरत जयपुरी को कहा। फिर क्या गीतकार ने लिखा, 'जिया बेकरार है छाई बहार है'। यह गाना काफी पसंद किया गया था और इसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। इसके बाद गीतकार ने कई गीतों को अमर कर दिया।

**मिले दो फिल्म फेयर अवॉर्ड :** इकबाल हुसैन उर्फ हसरत जयपुरी साहब आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन, उनके लिखे गीत, आज भी लाखों-करोड़ों आशिकों के इश्क की जुबान बन रहे हैं। साल 1999 में हसरत साहब का निधन हो गया। अपने फिल्मी कॅरियर में हसरत साहब हो दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। पहला, साल 1966 में फिल्म सूरज के गाने 'बहारों फूल बरसाओ' के लिए और दूसरा, साल 1971 में अंदाज फिल्म के गाने 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' के लिए। उनके दो बेटे अख्तर और आसिफ जयपुरी हैं। इसके अलावा एक बेटी भी है किश्वर जयपुरी। हसरत जयपुरी ने अपने कॅरियर में 2000 से अधिक गानें लिखे।

**खबर संक्षेप**

## अवैध शराब तस्करी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने आज अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने लोचन नगर मेन रोड के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में मोटरसायकल चालक मोहम्मद साबीर पिता मोहम्मद मुनीर चांदनी चौक और उसके पीछे बैठे मोहम्मद सद्दाम मलिक पिता स्वर्गीय कुतुबुद्दीन मलिक उम्र 36 वर्ष, मधुबनपारा शामिल हैं। जांच में मोहम्मद सद्दाम के कब्जे से 35 पाव देशी मदिरा बरामद हुई। आरोपियों ने शराब को अवैध बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बरामद शराब की कीमत 2,800 रुपए और मोटरसायकल 40,000 रुपए के हिसाब से जब्त की। आरोपियों के खिलाफ धारा 34,2 और 59.क आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सारंगढ़।** सेवा पखवाड़ा में कलेक्ट्रेट परिसर सारंगढ़ से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राहियों को हरी झंड़ी दिखाकर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम वर्षा बंसल, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, सहायक ग्रेड 2 रोशन यादव उपस्थित थे।

## कलेक्टोरेट में आदि सेवा पर्व पर छायाचित्र प्रदर्शनी

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा के अवसर पर विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया और यह नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जीवंत छवियों, प्रेरक संदेशों और रोचक विवरणों के माध्यम से दर्शाया गया। इसमें उनके बचपन की प्रेरक कहानियां, छात्र जीवन की अनुशासनशीलता, मातृ संस्कार, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्य प्रमुख रूप से उजागर किए गए। छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। विशेषकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, डिजिटल इंडिया से जुड़े नवाचार, शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव, अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियाँ, रक्षा बलों का सशक्तिकरण और आतंकवाद को मिले मुंहतोड़ जवाब को भी प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, ऊर्जा क्रांति और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को मिली विकास सौगातों को विशेष रूप से दर्शाया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नागरिकों ने लिया हिस्सा

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्त दान शिविर, 101 यूनिट किया डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पत्थलगांव में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुआ जिला स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कुल 101 यूनिट हुआ रक्तदान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभी नागरिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया सभी का बहुत बहुत आभार - मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल पत्थलगांव शहर द्वारा जिला स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय ने किया।

शुभारंभ के उपरांत श्रीमती साय ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण भी किया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।




रक्तदान शिविर में जिला भाजपा के महामंत्री,मंडल के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,मंत्री,महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए ऐतेहासिक 101 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती साय ने कहा कि आज मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने भारी संख्या में रक्तदान करते हुए अपनी अहम भूमिका अदा की है, क्योंकि रक्तदान की महादान कहा जाता है। जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश मे आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ हुआ है जिसमें पत्थलगांव अस्पताल में आज जिला स्तरीय रक्तदान शिविर चलाया जा रहा है यह रक्त जिले में रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्तियों के जरूर काम आएगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि जिला भाजपा के निर्देश पर आज पत्थलगांव सिविल हॉस्पिटल में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ सभी नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और आज हमने ऐतेहासिक 101 यूनिट ब्लड डोनेट करवाने में सफलता हासिल की है जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल (लुड़ेग), मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अजय बंसल, संजय लोहिया,अवधेश गुप्ता,महामंत्री सुनील गर्ग,नरेश यादव,सुरेश साहू,हिमांशु शर्मा,भुनेश्वरी बेहरा,पार्षद श्यामनारायण गुप्ता, ममता यादव, संतोषी भारद्वाज,विमला बेक, कविता नारंगे,भारती शर्मा, सलमी निकुंज, जितेंद्र अग्रवाल,सुदर्शन सिंह,रामकिशन यादव,नवीन यादव,धर्मपाल नारंगे,मनोज नारंगे,सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम ऋतुराज बिसेन, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा, सीएमओ जावेद खान एवं बीएमओ डॉ. जेम्स मिंज भी शामिल हुए।

# पत्थलगांव तमता युवा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पत्थलगांव।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के निर्देशानुसार लुड़ेग तमता मंडल में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जशपुर जिले के सबसे युवा मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल अंतर्गत सभी 20 पंचायत में स्वच्छता अभियान ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न कराया गया ।

इस कार्यक्रम के संयोजक संजय अग्रवाल सहसंयोजक लक्ष्मी नारायण यादव सहसंयोजक विनोद यादव जी थे । स्वच्छता अभियान के प्रभारी के रूप में मंडल के उपाध्यक्ष रवि यादव ,मंडल के कोषाध्यक्ष सूरज त्रिपाठी जी,मंडल की मंत्री सुश्री कुमारी नाग जी ने अथक परिश्रम करके इस आयोजन को सफल बनाया। मंडल अध्यक्ष की कुशल संगठनात्मक क्षमता के फल स्वरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु एक प्रभारी की नियुक्ति की गई थी,जिनके मार्गदर्शन में उस पंचायत के स्वच्छता अभियान का संचालन होना था ।लगातार सतत संपर्क में रहने और दिशा निर्देश के बाद सभी 20 पंचायत के पदाधिकारीयों ने अपने अथक परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाया।

किया न्योता भोज का आयोजन

सभी कार्यक्रमों से अलग हटकर आज ही प्राथमिक शाला बालाझर में न्योता भोज का भी आयोजन मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया,जिसमे 100 से भी अधिक बच्चो सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बच्चो संग बैठकर भोजन ग्रहण किया,इस कार्यक्रम के प्रभारी सुनील शर्मा भाजयुमो महामंत्री तथा सुश्री लुर्माडनी पोर्ते को बनाया गया था। जिला भाजपा महामंत्री मनीष अग्रवाल ने मंडल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लुड़ेग तमता मंडल अंतर्गत बेहद सुनियोजित और अच्छे ढंग से सभी कार्यक्रमों को सपन्न कराया है,सभी बधाई के पात्र हैं। विशाल अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए आगामी कार्यक्रमों को भी सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है। 19 तारीख को 21 तारीख को और 24 तारीख को स्वास्थ्य शिविर का



## सफाई मित्रों को स्वछता शपथ दिलाया

नगर पालिका परिषद पथलगांव में सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय , एसडीएम ऋतुराज बिसेन तहसीलदार, प्रांजल मिश्रा नगरपालिका अध्यक्ष नगरपालिका , उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधिगण, गणमायन नागरिक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका के पार्षद के उपस्थिति में सभी कर्मचारियों ,सफाई मित्र एवं स्वछता दीदियों को स्वछता शपथ दिलाया गया, कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 की शुरुआत की गई, एवं नगरपालिका कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता और स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया विधायक गोमती साय ने कहा कि स्वच्छता कार्यक्रम देह के हर ब्यक्ति का कार्यक्रम है इसमें अभी लोगो को शामिल होने की जरूरत है आइए आप हम सभी मिलकर अपने शहर अपने गाँव को स्वछता कार्यक्रम से जोडकर सुंदर एवं स्वच्छ शहर बनाने में अपनी सहभागिता दें।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु की कामना की

**जशपुरनगर।** एकादशी पर्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर जशपुर जिले के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर, दोकड़ा में भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना की।

**भव्य दीपों से जगमगाया मंदिर परिसर-** संध्या बेला में मंदिर प्रांगण सैकड़ों दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा। दीपों की लौ से सजीव हुई अद्भुत छटा ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों को भक्ति और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती कौशल्या साय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 11 वर्षों से राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व में नई पहचान बना रहा है। हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ भी विकास और नक्सलमुक्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। दीप प्रज्वलन का यह पर्व न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र की एकता और प्रगति का भी संदेश देता है।श्री जगन्नाथ महाप्रभु की विशेष पूजा-



अर्चना की गई। मंदिर परिसर में गूंजते मंत्रोच्चार और दीपों की दिव्य आभा ने वातावरण को और अधिक पावन बना दिया। श्रद्धालु एवं नगरवासी देर रात तक इस कार्यक्रम का हिस्सा बने रहे।

# अपार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने बच्चों को स्वस्थ रहने दिए टिप्स

**पत्थलगांव/कुनकुरी।** विकास खंड कुनकुरी के प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली में नर्सिंग कर रही छात्राओं ने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया, उसके पश्चात नर्सिंग स्टूडेंट्स ने प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लीं, तत्पश्चात बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए टिप्स दिए।

पौष्टिक भोजनः फल, हरी सब्जियां, प्रोटीन के लिए दाल, अंण्डे और साबुत अनाज से भरपूर संतुलित आहार खाएं। घर का बना हुआ भोजन खाएं और जंक फूड खाने से बचें। 2.नियमित शारीरिक गतिविधिः हर दिन कम से कम 30 मिनट गतिविधि करें। इसमें दौड़ना, कूदना, नाचना, रस्सी कूद,साइकिल चलाना या कोई भी शारीरिक खेल खेलना शामिल हो सकता है। 3.पर्याप्त नींदः समय पर सोएं तथा हर रात पर्याप्त और गुणवत्ता वाली नींद लें , नींद शारीरिक और



मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। 4.स्वच्छता का ध्यानः प्रतिदिन स्नान करें तथा नियमित रूप से हाथ धोएं जैसे खाना - खाने से पहले और शौच के बाद। अपने आंख, कान, नाखून एवं बालों की सफाई पर भी ध्यान दें क्योंकि व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने से संक्रमण से बचाव होता है।5.खूब पानी पीएं:- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं ताकि शरीर में पाचन क्रिया अच्छे से हो। 6. आयरन एवं कृमि नाशक दवा का सेवन : प्रत्येक मंगलवार को आयरन की दवा लें तथा प्रति वर्ष कृमि नाशक मीठी दवा का सेवन करें । 7.तनाव प्रबंधनः तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग , एवं व्यायाम के साथ अपनी भावनाओं को माता - पिता, शिक्षकों एवं मित्रों के साथ व्यक्त करें। 8.सकारात्मक सामाजिक मेलजोलः परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे नैतिक मूल्यों पर चर्चा करें।9.स्क्रीन टाइम सीमित करेंः टीवी और मोबाइल पर बिताए जाने वाले समय को कम करें और इसके बजाय खिलौने बनाने, पेंटिंग जैसे रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें।कक्षा 04 की छात्रा अमृता ने विद्यालय में बनाए गए धड़कन सुनने के यंत्र से नर्सिंग स्टूडेंट्स को अपना धड़कन सुनाया, उसके पश्चात कक्षा 5 की छात्रा शबनम ने नर्सिंग स्टूडेंट्स से पूछा कि आप नर्स क्यों बनना चाहते हैं? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए नर्सिंग की एक छात्रा ने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य सेवा से जुड़कर समाज और देश की सेवा करना चाहते हैं ताकि हमारा देश और समृद्ध और सशक्त बने।प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के पूर्ण और स्वस्थ विकास के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही अच्छी तरह सीख पाते हैं और शिक्षित बच्चे बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, जिससे उनके भविष्य और समग्र कल्याण में सुधार होता है. स्वास्थ्य और शिक्षा के बीच एक गहरा संबंध है, जहाँ पोषण, व्यायाम और नियमित स्वास्थ्य जाँच जैसे कारक शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

# कोतबा में स्वक्षता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**कोतबा।** नगर पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा हरी झण्डी दिखा कर की जिसके बाद नगर में रैली निकाल नागरिकों को जागरूक किया गया। पहले दिन स्वच्छता शपथ दिवस मनाते हुए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इसके बाद साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता ही सेवा–2025” एवं “सेवा पखवाड़ा–2025” को लेकर कोतबा मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीआर यादव ने बताया कि भारत सरकार एवं प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक पूरे जनपद में




विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इसमें एक ओर जहां “स्वच्छता ही सेवा”कार्यक्रम के अंतर्गत कठिन स्थलों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्रों की स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियां होंगी, वहीं “सेवा पखवाड़ा” के तहत विकास, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर पंचायत स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिताएं, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता रैलियां, गोष्ठियां और जनजागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि युवाओं में स्वच्छता और सेवा भावना दोनों का संदेश व्यापक रूप से फैल सके। स्वक्षता पखवाड़े की शुरुआत में बुधवार को नगर पंचायत से स्कूली बच्चों के साथ नगर की स्वक्षता दिदिया सफाई कर्मी नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता स्वक्षता रैली निकाली गई जो तिलगोड़ा प्रांगण से चौहान पारा,राम मंदिर पारा,परशुराम चौक से मुख्य मार्ग में बस स्टैण्ड पहुंच कर स्वक्षता के प्रति शपथ दिलाई गई।

# जिला महाकुल समाज सेवा समिति का शपथ ग्रहण

**जशपुरनगर।** गुरुवार को जिला महाकुल समाज सेवा समिति जशपुर के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

यह आयोजन जिले के कुनकुरी विकासखंड के डुगडुगिया स्थित सामाजिक भवन में किया गया, जहां समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं की भारी उपस्थिति रही।शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व इष्ट देव श्री कृष्ण भगवान का द्वीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के जिला महामंत्री प्रदीप यादव नवापारा के द्वारा किया गया।इस समारोह में विशेष रूप से समाज के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव, पूर्व अध्यक्ष गणेश यादव, हुरदानंद यादव,विशेश्वर यादव शामिल हुए।प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने नियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक




यादव रनई अध्यक्ष, कैलाश यादव गोडीकला सचिव, यदुमणि यादव कुनकुरी सह सचिव,नन्दलाल यादव कछार उपाध्यक्ष,सदाशिव यादव भुरसाढाब उपाध्यक्ष, जयन्त यादव कठरापारा उपाध्यक्ष, निराकार यादव कंडोरा उपाध्यक्ष, सुदर्शन यादव नोनीयाताला उपाध्यक्ष, यदुचन्द्र बोहरा पाकरगांव महामंत्री, प्रदीप यादव नवापारा महामंत्री, त्रिलोचन यादव भीतघरा महामंत्री,शत्रुघन यादव खुटसेरा ,कोषाध्यक्ष, टंकेश्वर यादव गरियादोहर मीडिया प्रभारी, लीलाम्बर यादव डांगडीही मीडिया प्रभारी,चन्द्रकुमार यादव हाथीबेड़ मीडिया प्रभारी सहित सभी सदस्य पदाधिकारियों को समाज सेवा की शपथ दिलाई और उन्हें ईमानदारी व समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने कहा कि समाज की उन्नति और प्रगति तभी संभव है जब सभी लोग मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाकुल समाज की परंपराओं और संगठनात्मक शक्ति को बनाए रखने पर जोर दिया।

# अग्रसेन जयंती की शान अंताक्षरी में अनूप और पार्टनर ने मारी बाजी

**पत्थलगांव।** अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 में प्रतियोगियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जा रही है अग्रसेन जयंती की शान अंताक्षरी प्रतियोगिता में अनूप जिंदल एण्ड पार्टनर ने अपने प्रतिद्वंदी खुशबू गोयल और पार्टनर को मात देते हुए अंताक्षरी के इनाम पर कब्जा जमाया वहीं पहली बार महिलाओं के लिए हो रही रस्सा खींच प्रतियोगिता में कई सारी टीमों ने भाग लिया इसमें राधिका एण्ड ग्रुप ने अंशु अग्रवाल और ग्रुप को मात देते हुए रस्सा खींच प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया वहीं महिलाओं के लिए सबसे फेवरेट प्रतियोगिता गुपचुप खाओ प्रतियोगिता में प्रीति सुनील अग्रवाल प्रथम ,आंचल विकास अग्रवाल दूसरा प्रिया अमित गोयल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में करीब बीस ओनरों अपनी हिस्सेदारी निभाई जिसमें अग्र स्टार के ओनर देवगोपाल गोयल एंड टीम ने खिताब पर कब्जा किया वही मॉर्निंग स्टार की आलोक गोयल एंड टीम ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया ।एपीएल में बहुत से बेस्ट लोगों के लिए भी इनाम दिए गए । APL स्पेशल अवार्ड शशांक जिंदल को दिया




गया।प्रीमियर लीग को सफल बनाने में उपाध्यक्ष कान्हा अग्रवाल सहकोषाध्यक्ष शुभम गर्ग द्वारा काफी मेहनत करते हुए सफलता तक पहुंचाया।शेक बनाओ प्रतियोगिता में दर्जन भर से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें नैना आलोक अग्रवाल पहले, अंशिका हैप्पी मित्तल रानू अमित अग्रवाल दूसरा स्थान ,ईशा हर्षित अग्रवाल ,ज्योति आशीष अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ महिलाओं की प्रतियोगिता में आभा नरेश अग्रवाल प्रथम ,पुष्पा अरुण मित्तल द्वितीय निक्की मनु अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में अंशु राकेश अग्रवाल प्रथम रीना परवीन गर्ग द्वितीय श्रुति मनीष अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।अग्रसेन जयंती महोत्सव अपनी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है जहां नवयुवक समिति अपनी पूरी लगन , मेहनत से अग्रसेन जयंती महोत्सव में चार चांद लगाने में जुटी हुई है ।प्रतिदिन सुबह से लेकर रात्रि तक अग्र बंधु अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए अपनी मजबूत भागीदारी पेश कर रहे हैं ।अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल, सचिव अनिल मित्तल के द्वारा भी नवयुवक समिति के सदस्यों व पदाधिकारी को अपना कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं ।एकता की मिसाल पेश करने वाली अग्रसेन मैराथन दौड़ की तैयारी को लेकर नवयुवक समिति के अध्यक्ष दिवाकर अग्रवाल उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल जुटे हुए हैं एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों को इस अग्र मैराथन दौड़ में भाग लेने के लिए अपील करते हुए समाज की एकता का मजबूत करते हुए अपनी भागीदारी निभाने के लिए कहा है।



## धूमधाम से की गई देवशिल्पी विश्वकर्मा का विसर्जन

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडी प्रांगण स्थित पांडाल में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पिछले तीन दिनों से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कल बुधवार को हवन-पूजन संपन्न होने के पश्चात आज प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने नगर के तीनों प्रमुख मार्गों से भव्य रैली निकाली। रैली के दौरान आर्केस्ट्रा की मधुर धुन पर कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर बाबा विश्वकर्मा के भक्त श्रद्धा और उल्लास के साथ झूमते नजर आए। प्रतिमा विसर्जन किलकिलेश्वर धाम में किया जाएगा। वहीं विसर्जन रैली को देखते हुए नगर में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

*चंद्रपुर। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में चंद्रपुर के अग्रसेन भवन में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में अग्रवाल समाज की महिलाओं के साथ-साथ मरवाड़ी युवा मंच ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

